3 (Sem–2) HIN MIL

2 0 1 9

HINDI

(Modern Indian Language)

(Hindi Katha Sahitya)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) जानकी कौन थी?

(ख) 'जयदोल' किसकी कहानी है?

(ग) यशपाल का जन्म कब हुआ था?

(घ) रामेश्वरी देवी को क्या दुख था?

(ङ) कजाकी कौन था?

(च) बंशीधर कहाँ के निवासी थे?

(छ) 'निर्मला' किस प्रकार का उपन्यास है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) 'निर्मला' उपन्यास किस समस्या पर आधारित है?

(ख) नगा युवक ने जयमती से क्या कहा?

(ग) रामेश्वरी देवी के अनुसार शास्त्र में क्या लिखा है?

(घ) दूसरे दिन जब कजाकी आया उसकी हालत कैसी थी?

3. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5×3=15

(क) पर यह कौन जानता था कि वह सारी लीला विधि के हाथों रची जा रही है। जीवन रंगशाला का वह निर्दय सूत्रधार किसी अगम गुप्त स्थान पर बैठा हुआ अपनी जटिल क्रूर क्रीड़ा दिखा रहा है। यह कौन जानता था कि नकल असल होने जा रही है, अभिनय सत्य का रूप ग्रहण करने वाला है।

अथवा

"जीवन तुमसे ज्यादा असार भी दुनिया में कोई वस्तु है? क्या वह उस दीपक की भाँति ही क्षणभंगुर नहीं है, जो हवा के एक झोंके से बुझ जाता है। पानी के एक बुलबुले को देखते हो, लेकिन उसे टूटते भी कुछ देर लगती है, जीवन में इतना भार नहीं है।"

(ख) "बच्चों के साथ समझदार बच्चे बनकर माँ-बाप उन पर जितना असर डाल सकते हैं, जितनी शिक्षा दे सकते हैं, उतने बूढ़े बनकर नहीं।"

अथवा

"पर इस अस्थिर संसार में स्थिरता कहाँ! यहाँ कुछ भी स्थिर नहीं।"

(ग) "तुम्हें तो सारा संसार झूठा ही दिखाई पड़ता है। ये पोथी पुराण भी सब झूठे हैं? पंडित कुछ अपनी तरफ से बनाकर तो कहते ही नहीं हैं। शास्त्र में जो लिखा है वही वे भी कहते हैं।"

अथवा

"कायर न-पुंसक—तुम नगा कैसे हुए? कुमार तो अमर है, क्रीड़ा चुलिक-फा उन्हें कैसे छुएगा? मगर लोग क्या कहेंगे, कुमार की रानी जयमती ने देह की यंत्रणा से घबड़ाकर उसका पता बता दिया? हट जाओ अपना कलंकी मुँह मेरे सामने से दूर करो।"

4. 'निर्मला' उपन्यास के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

मुंशी तोताराम का चरित्र-चित्रण कीजिए।

5. कहानी-कला की दृष्टि से 'कजाकी' **अथवा** 'आत्मा की आवाज' कहानी की समीक्षा कीजिए। 10

6. 'जयदोल' कहानी की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए। 10

अथवा

"'ताई' कहानी में संतानहीना स्त्री की मानसिक दशा का चित्रण है।" पठित कहानी के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

★★★